# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
# पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा (सितंबर 2021 )
# अंक-योजना: हिंदी (आधार) कोड- 302
# कक्षा- 12 वीं प्रश्न पत्र 2/ 1 /1

## सामान्य निर्देश: मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के लिए भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। सार्वजनिक रूप से किसी भी तरह इसके लीक होने पर परीक्षा प्रणाली पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जो लाखों उम्मीदवारों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना आईपीसी के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना है, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालांकि मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित और नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। प्रश्न पत्र में दिए गए दक्षता आधारित(**competency based**) प्रश्नों के मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा

दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें;  उनके उत्तर चाहे अंक योजना  में दिए गए उत्तर से  मेल न खाते हों  तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब आप आश्वस्त हो, जब उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (✔ ) लगाएँ और गलत उत्तर के लिए गलत का ( x )।  मूल्यांकनकर्ता  द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि  उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बायीं  ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 100 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होता।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों  में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (  ✔ ) या ( **x** ) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

13. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

14. उत्तर पुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए  छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और केन्द्रीय शिक्षा परिषद (सीबीएसई) की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

15. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

16. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

17. माध्यमिक शिक्षा परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

## पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा (सितंबर 2021)
## अंक-योजना: हिंदी (आधार ) कोड: 302

### प्रश्न पत्र 2/1 /1

विषय : हिंदी (आधार/कोर )                                    कक्षा- 12 वीं

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | <u>खंड (अ)</u><br><u>वस्तुपरक प्रश्न</u> | |
| 1 | | किसी भी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पर अंक दिए जाएँ -<br>पहला गद्यांश | 1×10 =10 |
| | (i) | (B) संसार में रहकर संसार से मुक्त रहना | 1 |
| | (ii) | (D) भावनाओं और विचारों में संतुलन | 1 |
| | (iii) | (D ) त्याग दिव्यता के निकट ले जाता है | 1 |
| | (iv) | (C) कमज़ोर साधक | 1 |
| | (v) | (B) अपने को जानना होगा | 1 |
| | (vi) | (A) त्याग का | 1 |
| | (vii) | (B) कर्मफल से मुक्त होना | 1 |
| | (viii) | (C) लक्ष्य प्राप्ति तक कार्य करना | 1 |
| | (ix) | (A) अपने पर विश्वास नहीं होने पर | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (x) | (D) वैराग्य | 1 |
| | | <u>दूसरा गद्यांश</u> | |
| | (i) | (A) मस्तिष्क अधिक विकसित होने से | 1 |
| | (ii) | (B) पुरुष प्रकृति से भिन्न है | 1 |
| | (iii) | (D) अधिक चिंतनशील होना | 1 |
| | (iv) | (C) प्रकृति से अलग सोचने के कारण | 1 |
| | (v) | (C) स्वतंत्र और बंधनहीन | 1 |
| | (vi) | (D) विशिष्टता का | 1 |
| | (vii) | (A) विकसित रूप प्रदर्शन | 1 |
| | (viii) | (D) अपने अनुसार कार्य करना | 1 |
| | (ix) | (A) नाश और निर्माण होता रहता है | 1 |
| | (x) | (B) वास्तविक दुनिया से असंतोष के कारण | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| **2** | | किसी भी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पर अंक दिए जाएं: | **1x5=5** |
| | | <u>पहला पद्यांश</u> | |
| | **(i)** | (C) परिवर्तन की आकांक्षा से | **1** |
| | **(ii)** | (B) कायर व्यक्ति द्वारा | **1** |
| | **(iii)** | (D) जंगल की आग | **1** |
| | **(iv)** | (C) चालाक और हिंसक लोगों को | **1** |
| | **(v)** | (B) असहनीय | **1** |
| अथवा | | | |
| | **(i)** | (B) मोर का स्वर सुनकर | **1** |
| | **(ii)** | (C) प्राकृतिक सौन्दर्य | **1** |
| | **(iii)** | (B) अनुप्रास | **1** |
| | **(iv)** | (B) हज़ारों वर्षों का संघर्ष | **1** |
| | **(v)** | (D) शक्ति की पहचान करनी पड़ेगी | **1** |
| **3** | | कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन | |
| | | उपयुक्त विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएं: | **1x5=5** |
| | **(i)** | (A) जिसमें आम बोलचाल के शब्दों का प्रयोग | **1** |
| | **(ii)** | (B) संपादक पर | **1** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **(iii)** | (C) संपादकीय पृष्ठ पर | **1** |
| | **(iv)** | (A) बीट में दिलचस्पी एवं जानकारी | **1** |
| | **(v)** | (D) खेल से संबंधित रहना | **1** |
| **4** | | <u>पठित काव्यांश आधारित प्रश्न</u> | **1x5=5** |
| | **(i)** | (B) कल्पना | **1** |
| | **(ii)** | (A) कल्पना के अभाव के कारण | **1** |
| | **(iii)** | (A) चिड़ियों की तरह कवि की कल्पना | **1** |
| | **(iv)** | (D) प्रसन्नता | **1** |
| | **(v)** | (A) दुख के बाद ही सुख | **1** |
| **5** | | <u>पठित गद्यांश आधारित प्रश्न</u> | **1x5=5** |
| | **(i)** | (B) आकर्षण के कारण | **1** |
| | **(ii)** | (C) आकर्षक वस्तुएँ | **1** |
| | **(iii)** | (B) जब मन खाली होता है | **1** |
| | **(iv)** | (B) सब- कुछ खरीद लेने की इच्छा से | **1** |
| | **(v)** | (A ) मन को भरा रखने से | **1** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | | <u>पूरक पाठ्य -पुस्तक पर आधारित</u> | **1×10=10** |
| | **(i)** | (C) धृष्टता | **1** |
| | **(ii)** | (D) बच्चे नहीं चाहते थे | **1** |
| | **(iii)** | (B) नाज़ियों के अत्याचार का विवरण होने के कारण | **1** |
| | **(iv)** | (C) स्त्रियों का | **1** |
| | **(v)** | (D) शारीरिक सक्षमता | **1** |
| | **(vi)** | (A) दलदल की समस्या उत्पन्न होने से | **1** |
| | **(vii)** | (C) मुअनजो-दड़ो | **1** |
| | **(viii)** | (D) लंबी सुइयाँ मिलना | **1** |
| | **(ix)** | (B) मनोविकार | **1** |
| | **(x)** | (C) शिक्षक से | **1** |
| | | <u>खंड (ब)</u><br><u>वर्णनात्मक प्रश्न</u><br><br><u>कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन</u> | |
| **7** | | दिए गए किसी एक विषय पर **150** शब्दों में रचनात्मक लेखन अपेक्षित**-** | **5** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • विषय-वस्तु - 3 अंक<br>• भाषा - 1 अंक<br>• कल्पनाशीलता - 1 अंक | |
| 8 | | दिए गए किसी एक विषय पर पत्र-लेखन अपेक्षित -<br>• आरंभ एवं अंत की औपचारिकताएँ - 1 अंक<br>• विषय-वस्तु - 3 अंक<br>• भाषा - 1 अंक | 5 |
| 9 | | प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित- | |
| | (क) | **(i)** कहानी-<br>रचनात्मक गद्य विधा जिसमें किसी घटना, पात्र या समस्या का क्रमबद्ध ब्यौरा, परिवेश का चित्रण, द्वंद्वात्मकता, कथा का क्रमिक विकास, चरम उत्कर्ष का बिंदु आदि गुण।<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | अथवा | **(ii)**<br>• कविता को इंद्रिय ग्राह्य बनाने में सहायक, इंद्रियों से ही दुनिया को जानना समझना<br>• बिंब से कविता अधिक बोधगम्य,<br>• बिंबों का मन पर अधिक प्रभाव<br>• बिंबों द्वारा अनुभूतियों और स्मृतियों से जुड़ाव<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ख) | <u>**(i)** कहानी के लिए पात्रों का महत्त्व-</u><br><br>• कथानक के विकास में पात्रों की अहम भूमिका<br>• पात्रों के विश्वसनीय अंकन पर ही कहानी का प्रभाव निर्भर<br>• पात्रों के माध्यम से कहानी का उद्देश्य स्पष्ट<br>• विविध पात्रों से कहानी के परिवेश का निर्माण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| | अथवा | <u>**(ii)** नाटक का अलग होना-</u><br><br>• दृश्य विधा होने के कारण<br>• पढ़ने-सुनने के अतिरिक्त देखने का तत्व भी समाहित<br>• निश्चित समय-सीमा में पूरा होना<br>• सदैव वर्तमान में ही घटित होना अनिवार्य<br><br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| **10** | | प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित- | |
| | (क) | (i) विषय आधारित फीचर लेखन<br><br>• विषय-वस्तु - 1 अंक<br>• भाषा- 1 अंक<br>• प्रभावी प्रस्तुति - 1 | **3** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | विषय आधारित आलेख- लेखन<br>• विषय-वस्तु - 2 अंक<br>• भाषा और प्रस्तुति- 1 अंक | 3 |
| | (ख) | <u>*(i)* रेडियो की लोकप्रियता के कारण-</u><br>• श्रव्य माध्यम<br>• कम खर्चीला<br>• निरक्षर लोगों के लिए भी उपयोगी<br>• अन्य कार्य करते हुए भी सुनने की सुविधा<br>• दूरदराज के क्षेत्रों में सर्वाधिक पहुँच<br>• आपदा/संकट काल में उपयोगी माध्यम<br>• बिजली की अनिवार्यता नहीं<br>• आसानी से कहीं भी ले जाना संभव<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **0.5×4=2** |
| | | **(ii)** उलटा पिरामिड शैली की विशेषताएँ **-**<br>• समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी और बुनियादी शैली<br>• तीन भागों में विभाजित,<br>- सबसे महत्वपूर्ण सूचना इंट्रो/मुखड़ा के रूप में<br>- बॉडी यानी समाचार का विस्तार<br>- समापन | 2 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **50-60** शब्दों में अपेक्षित- | **3+3 =6** |
| | (i) | <u>रावण की प्रतिक्रिया और कार्य</u><br>• आश्चर्यचकित, दुखी , निराश और भयभीत<br>• चुनौतियों के बढ़ने का अंदेशा<br>• व्याकुलता के साथ भाई कुंभकरण के पास जाना<br>• विविध प्रकार से प्रयत्न करके गहरी नींद से कुंभकरण को जगाना<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **1+1+1=3** |
| | (ii) | • माँ द्वारा हठी बच्चे को बहलाने –फुसलाने का पारंपरिक दृश्य अत्यन्त मनोरम<br>• बच्चे द्वारा चाँद लेने की जिद करना<br>• बच्चे की जिद और ठुनक का स्वाभाविक वर्णन<br>• माँ द्वारा दर्पण में चाँद का प्रतिबिम्ब दिखाकर बच्चे को बहलाना और प्रसन्न करना<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **1+1+1=3** |
| | (iii) | • कवि का समाज की औपचारिकताओं में विश्वास नहीं<br>• औपचारिकताओं से कवि के हृदय में छटपटाहट<br>• आत्मीयता ,कोमलता को प्रेम का आधार मानना<br>• प्रेम में सहजता ,सरलता और समर्पण की भावना<br>• प्रेम में पारदर्शी रहने की चाहत<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **1+1+1=3** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| **12** | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **30 -40** शब्दों में अपेक्षित- | **2+2 =4** |
| | **(i)** | • समय की कमी का बोध<br>• समय का निरंतर गतिशील होना<br>• समय सीमा में ही लक्ष्य पाने की व्यग्रता<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित ) | **1+1=2** |
| | **(ii)** | • क्रूर , अमानवीय प्रश्न<br>• बाज़ार की संवेदनहीनता और मनुष्य को एक वस्तु समझना<br>• करुणा को व्यवसाय बनाना अत्यन्त क्रूर<br>• मानवीयता से अधिक चैनल की टीआरपी और आमदनी को महत्वपूर्ण मानना<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित ) | **1+1=2** |
| | **(iii)** | • स्नान करती ग्रामीण नारियों के मांसल बिंब द्वारा सूर्योदय का चित्रण<br>• सूर्योदय की तुलना नीले जल में नहाती हुई गोरी स्त्री से<br>• नीला जल नीले आकाश का द्योतक है तथा गौर देह उगते हुए सूर्य का द्योतक<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित ) | **1+1=2** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **13** | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **50 -60** शब्दों में अपेक्षित- | **3+3 =6** |
| | **(i)** | • लेखिका का मानना है कि नाम व गुणों में समानता अनिवार्य नहीं<br>• प्राय: नाम और गुणों में बहुत अंतर<br>• लेखिका महादेवी को अपने नाम के साथ अपने गुणों की कोई समानता नही दिखना<br>(संदर्भ से जुड़ा अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य ) | **1+1+1=3** |
| | **(ii)** | • इंदर सेना सम्मान सूचक है, मेंढक मंडली सम्मान सूचक नहीं<br>• मेंढक मंडली को अंधविश्वास फ़ैलाने वाली और इन्दर सेना को आवश्यक रीति मानते हैं<br>• मेढक-मंडली में उद्दंडता का भाव, इन्दर सेना में अनुशासन का | **1+1+1=3** |
| | **(iii)** | • मलेरिया और हैज़ा के कारण उत्पन्न शोकग्रस्त वातावरण<br>• ग्रामीणों की असहाय स्थिति | **1+1+1=3** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • एक के बाद एक काल का ग्रास बन रहे ग्रामीणों की बेबसी और लाचारी<br>• दुख ,डर और भय का माहौल<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित ) | |
| **14** | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में अपेक्षित- | **2+2 =4** |
| | **(i)** | • उत्साहित होकर सफिया के पास जाकर बैठना<br>• लाहौर की तारीफ करना<br>• लाहौर के लोगों की खूबसूरती,खाना,कपड़ा तथा सैर सपाटे की बातें करना<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित ) | **1+1=2** |
| | **(ii)** | • कार्य कुशलता के लिए श्रम विभाजन आवश्यक<br>• जाति प्रथा भी श्रम विभाजन का दूसरा रूप<br>• आधुनिक समाज द्वारा श्रम विभाजन के लिए जाति प्रथा को आवश्यक मानना<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित ) | **1+1=2** |
| | **(iii)** | • शेर के बच्चे' का टाइटल जीतने वाले पहलवान को चुनौती देना<br>• लुट्टन को चाँद सिंह के सामने बच्चा और कमजोर समझना<br>• लुट्टन के प्रति सहानुभूति के कारण भीड़ में भय और चिंता का भाव<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित ) | **1+1=2** |